भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †887
सोमवार, 12 दिसम्बर, 2022/21 अग्रहायण, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

गुजरात में पर्यटन स्थलों के विकास के लिए आबंटित धनराशि

†887. श्री रतनसिंह मगनसिंह राठौड़ः
श्री हँसमुखभाई एस.पटेलः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार पर्यटन स्थलों के विकास पर ध्यान दे रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान गुजरात में पर्यटन स्थलों के विकास के लिए आबंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): गुजरात राज्य सहित पर्यटन स्थलों की पहचान और विकास मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ क्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय ने राज्यों/संघ क्षेत्रों में पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए 'स्वदेश दर्शन' 'तीर्थयात्रा जीर्णोंद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रसाद) संबंधी राष्ट्रीय मिशन', योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की है।

गुजरात राज्य में उपरोक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची अनुबंध में दी गई है।

******

अनुबंध

गुजरात में पर्यटन स्थलों के विकास के लिए आबंटित धनराशि के संबंध में 12.12.2022 के लोकसभा के लिखित प्रश्न संख्या †887 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना (करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	राज्य	परिपथ का नाम	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि
वर्ष 2016-17				
1	गुजरात	विरासत परिपथ	अहमदाबाद - राजकोट- पोरबंदर - बारडोली - दांडी का विकास ।	58.42
2	गुजरात	विरासत परिपथ	वडनगर और मोढेरा का विकास	91.12
वर्ष 2017-18				
3	गुजरात	बौद्ध परिपथ	जूनागढ़ - गिर - सोमनाथ - भरूच - कच्छ-भावनगर -राजकोट- मेहसाणा का विकास	26.68

प्रसाद योजना (करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	राज्य	परियोजना का नाम	स्वीकृत वर्ष	अनुमोदित लागत
1	गुजरात	द्वारका का विकास	2016-17	13.08
2		सोमनाथ में तीर्थस्थल सुविधाएं	2016-17	45.36
3		प्रसाद योजना के तहत सोमनाथ में सैरगाह का विकास	2018-19	47.12
4		सोमनाथ गुजरात में कतार प्रबंधन परिसर के साथ तीर्थ प्लाजा का विकास	2021-22	49.97
5		बनासकांठा, गुजरात के अंबाजी मंदिर में तीर्थस्थल पर्यटन अवसंरचना का विकास	2022-23	50.00

******